**बिहार विधान सभा, पटना के परिसर में प्रस्तावित डिजिटल संग्रहालय के प्रदर्श डिजाईन संबंधी परामर्शी चयन के क्रम में दिनांक 14.08.2026 को निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:–**

**उपस्थितिः–**

प्रणव कुमार, सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना।
सुरेश प्रसाद प्रभाकर, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना।
मनोज कुमार, मुख्य अभियंता (संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
विकास कुमार पाण्डेय, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, पटना।
अनिल कुमार, मुख्य वास्तुविद्, भवन निर्माण विभाग, पटना।

**परियोजना विवरणीः–**

1) योजना का नाम–बिहार विधान सभा, पटना के परिसर में प्रस्तावित डिजिटल संग्रहालय के प्रदर्श डिजाईन संबंधी परामर्शी चयन_के संबंध में।
2) अभिरूचि आमंत्रण प्रकाशन का पी०आर० सं०;–001981 (BCD) 2026–27
3) सूचना प्रकाशन की तिथि/समाचार पत्र का नामः–दिनांक 29.04.2026/हिन्दुस्तान
4) प्री–बीड बैठक की तिथि–14.05.2026
5) प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथिः–18.06.2026
6) भाग लेने वाले परामर्शियों के नामः–

| | |
|---|---|
| i) Lemon Design Private Limited, Pune | ii) Kapoor & Associates, New Delhi |
| iii) DRONAH, Gurgaon | |

**कार्यवाहीः–**

1. बिहार विधान सभा, पटना के परिसर में प्रस्तावित डिजिटल संग्रहालय के प्रदर्श डिजाईन संबंधी अभिरूचि आमंत्रण PR सं०–014243 (BCD 2025-26), दिनांक 12.09.2025 के द्वारा आमंत्रित किया गया जिसमें अंतिम तिथि 30.10.2025 तक कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हो सका। इस कार्य के लिये पुनः अभिरूचि आमंत्रण PR सं०–019005 (BCD) 2025–26 के द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित कर दिनांक 27.01.2026 तक कुल तीन प्रस्ताव प्राप्त किये गये एवं प्रस्तुतीकरण मूल्यांकण के उपरांत एकल सफल परामर्शी होने के कारण आर०एफ०पी० के पुर्नप्रकाशन का निर्णय निविदा समिति की दिनांक 17.04.2026 की बैठक में प्राप्त किया गया। तदनुसार अभिरूचि आमंत्रण PR सं०–001981 (BCD) 2026–27 के द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित कर दिनांक 18.06.2026 तक निम्न तीन प्रस्ताव प्राप्त किये गये।

| | |
|---|---|
| i) Lemon Design Private Limited, Pune | ii) Kapoor & Associates, New Delhi |
| iii) DRONAH, Gurgaon | |

2. अभिरूचि आमंत्रण की शर्तो के अनुकूल न्यूनतम योग्यता मापदण्ड नहीं होने के कारण परामर्शी DRONAH, Gurgaon को Non-responsive पाया गया। शेष दो (02) Responsive परामर्शीयों को गठित मूल्यांकन समिति (जूरी) के समक्ष दिनांक **06.08.2026** को प्रस्तुतीकरण हेतु आमंत्रित किया गया।
3. गठित तकनीकी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण के उपरांत दोनों परामर्शीयों का मूल्यांकण निम्न प्रकार से किया गया।

| क्रम सं० | परामर्शी का नाम | प्राप्त अंक (कुल अंक–100) |
|---|---|---|
| 1. | Lemon Design Private Limited, Pune | 82 |
| 2. | Kapoor & Associates, New Delhi | 72 |

कृ०पृ०उ०

4. परियोजना प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण एवं मूल्यांकन के उपरांत निम्न दोनों परामर्शीयों को 70% से अधिक अंक प्राप्त होने के कारण एवं आर०एफ०पी० के शर्तो के अधीन परामर्शी चयन के अगले चरण हेतु सफल पाया गया।

   i) LEMON DESIGN PRIVATE LIMITED, PUNE

   ii) KAPOOR & ASSOCIATES, NEW DELHI

5. उपरोक्त कंडिका (4) के परामर्शीयों (दो अद्द परामर्शियों) के वित्तीय–बीड खोलने एवं परामर्शी चयन पर निविदा समिति का निर्णय प्राप्त करने की अनुशंसा की गयी।

**निविदा समिति का निर्णय**

सम्यक विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति के द्वारा तकनीकी समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए सफल दोनों परामर्शीयों के वित्तीय प्रस्ताव खोलने एवं परामर्शी चयन हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई का निदेश दिया गया।

सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14.08.26 | 14/8/26 | 14/08/26 | 14.8.26 | 14/8/26 |
| **(अनिल कुमार)**<br>मुख्य वास्तुविद्,<br>भ०नि०वि०, पटना। | **(विकास कुमार पाण्डेय)**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ०नि०वि०, पटना। | **(मनोज कुमार)**<br>मुख्य अभियंता (संरचना),<br>भ०नि०वि०, पटना। | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>भ०नि०वि०, पटना। | **(प्रणव कुमार)**<br>सचिव,<br>भ०नि०वि०, पटना। |